फा.सं.7-13/2016-अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ
भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ

शास्त्री भवन, नई दिल्ली,
दिनांक: 05 दिसम्बर, 2016

शुद्धि पत्र

संसद के अधिनियम के तहत स्थापित सांविधिनिक निकाय में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्था आयोग (एनसीएमईआई), नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) द्वारा विभिन्न पदों की रिक्तियां भरने के लिए दिनांक 03 दिसंबर-09 दिसंबर, 2016 के एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ और रोजगार समाचार में प्रकाशित दिनांक 16.11.2016 के समसंख्यक रिक्ति परिपत्र के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि परिपत्र के अंग्रेजी मूलपाठ की क्रम संख्या (10) पर रीडर/प्रवर श्रेणी लिपिक के पद की एक रिक्ति दर्शायी गई थी जबकि परिपत्र के हिन्दी मूलपाठ में टंकण की त्रुटि के कारण उपर्युक्त पद के लिए भूलवश पांच रिक्तियां दर्शायी गईं थीं। वस्तुत: रीडर/प्रवर श्रेणी लिपिक पद के लिए भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या मात्र एक मानी जाए। दिनांक 16.11.2016 के उपर्युक्त रिक्ति परिपत्र के अन्य विवरण समान रहेंगे। त्रुटि के लिए खेद है।

5-12-2016

(के.पी.जे.जराल्ड)
अवर सचिव भारत सरकार
दूरभाष: 23384897 फैक्स: 23389247
ई-मेल: minoritycell.edu@gov.in

प्रति:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (सूची के अनुसार)।
2. मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सभी संबद्ध/अधीनस्थ/स्वायत्त संगठन (सूची के अनुसार)।
3. स्थापना-1/स्थापना-2/स्थापना-3/स्थापना-4/मानव संसाधन विकास मंत्रालय। पात्र और इच्छुक अधिकारी अपने आवेदन संबंधित प्रशासनिक अनुभाग के माध्यम से निर्धारित तारीख तक अग्रेषित कर सकते हैं।
4. सचिव, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्था आयोग, जीवनतारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली।
5. वेब मास्टर, मानव संसाधन विकास मंत्रालय - की आधिकारिक वेबसाइट पर यह रिक्ति परिपत्र अपलोड करने के लिए।
6. श्री के. के. पंत, निदेशक, डीएवीपी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, कमरा संख्या 269, दूसरी मंजिल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्पलैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को यह परिपत्र आगामी रोजगार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में प्रकाशित करने हेतु अग्रेषित।
7. श्रीमती पुष्पेन्द्र कौर, महाप्रबंधक-सह-मुख्य संपादक, रोजगार समाचार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, 7वीं मंजिल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को आगामी रोजगार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में यह परिपत्र प्रकाशित करने हेतु अग्रेषित।
8. राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001 को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर यह रिक्ति परिपत्र अपलोड करने के लिए अग्रेषित।
9. श्रम और रोजगार मंत्रालय के राष्ट्रीय रोजगार सेवा (एनसीएस) पोर्टल, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर यह रिक्ति परिपत्र अपलोड करने के लिए अग्रेषित।
10. फोल्डर प्रति।